तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024



11 भेण्डरी में साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान





12 समृद्धि की कामना के साथ झरझरा माता मंदिर में...






## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# महामाया मंदिर में 1221 एवं शीतला माता में 95 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

## नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देवी मंदिरों में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नवरात्रि पर्व गुरूवार को धूमधाम से शुरू हो गया है। शुभ मुहुर्त में मां महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। इस साल यहां भक्तों द्वारा 1221 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराया गया है। शीतला मंदिर में 95 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुआ है। इसी तरह राजिम शहर के सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहुर्त में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुआ है। माता की भक्ति और आस्था के महापर्व क्वांर नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। माता पर आस्था रखने वाले अनेक भक्त प्रथम दिन उपवास भी रहे। वहीं सैकड़ों-हजारों भक्त पूरे नौ दिन तक उपवास रखकर मां की पूजा में लीन रहेंगे। नगर के प्राचीन प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में दिनभर माता जी के दर्शन, पूजा के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। यहां अभिजीत शुभ मुहुर्त में मंदिर के पुजारी ठाकुर बलदाऊ सिंह द्वारा पं. विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर मां महामाया प्रबंध समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, नीरज ठाकुर, ग्राम बैगा हेमलाल,भानु धीवर ,लखन महोबिया, रमेश साहू, जितेंद्र सोनकर ,लाला साहू ,अशोक श्रीवास्तव ,जितेंद्र सोनी, कान्हा महोबिया ,अरविंद यदु, प्रवीण पुष्पाकर,चंकी गुप्ता,संजय सोनी, उत्सव महोबिया, लखन निर्मलकर, भारत सेन, राजू निषाद, पवन सोनी, लीलेश्वर ▶▶|शेष पेज 10 पर



### झालरों व लाइटों से सजा माता का दरबार

प्रतिवर्ष माता का आस्था रखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके अलावा प्राचीन मां शीतला मंदिर में भक्तों के द्वारा मनोकामना प्रज्ज्वलित किया गया है। मां शीतला प्रबंध समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां 95 ज्योति जलाया गया है। आमापारा स्थित मां ब्रम्हचारिणी दरबार में भगत भरतलाल साहू के सानिध्य में ज्योति कलश स्थापना किया गया है। शहर के गायत्री मंदिर, खण्डोबा मंदिर, मां चण्डी, घटोरिया माता, सत्ती माता, कचना धुरवा देवी स्थलों में भी ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया है। शहर में हर तरफ लाइट का चकाचौंध नजर आ रहा है। देवी मां के भक्तों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। शाम की आरती में सभी मंदिरों में मातृशक्तियों की अच्छी भीड़ नजर आई।



## विडंबना : सांसद व विधायक नहीं आते, बदहाली की जिंदगी जीने को हैं मजबूर

# साहेबिनकछार के ग्रामीणों को सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

हर विधानसभा-लोकसभा चुनाव में हजारों आदिवासी ग्रामीण इस उम्मीद के साथ मीलों पैदल दूरी तय कर मतदान करने आते है कि उनके किमती वोटों से चुने हुए विधायक सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के समस्याओं का समाधान करेंगें लेकिन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना तो बहुत दूर की बात है पिछले 20 वर्षों से कोई भी निर्वाचित सांसद, विधायक इस क्षेत्र के ग्रामों में नहीं पहुंचे हैं।

जिसके कारण ग्रामीणों को शासन से मिलने वाली पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह कहना है जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बीहड़ जंगल के भीतर बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के ग्रामीणों का इस पंचायत क्षेत्र की जनसंख्या 3500 से ज्यादा है आदिवासी भूंजिया बहुल्य यह ग्राम ▶▶|शेष पेज 10 पर







### विधानसभा में मामले को उठाऊंगा : विधायक

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने चर्चा में बताया कि निश्चित रूप से उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के भीतर बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार और आश्रित ग्रामों में जो मूलभूत सुविधा ग्रामीणों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रही है। इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए आगामी शीतकालीन सत्में विधानसभा में मामले को उठाकर समस्या समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा श्री ध्रुव ने कहा जल्द ही मैं साहेबिनकछार क्षेत्र के दौरे पर पहुंचुंगा।

### लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीण झरिया का पानी पीने मजबूर

केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के घर -घर तक पेयजल पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत करोड़ो रूपये खर्च किया जा रहा है और इस ग्राम पंचायत में भी जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कर ग्रामीणों के घरों में पानी का नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन अब तक एक बूंद भी पानी ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन से नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी को चालू करने की मांग किया जा चुका है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। गांव में कई हैण्डपंप खराब पड़े हुए हैं जिसके कारण इसके आश्रित ग्राम पारा टोला के ग्रामीण आज भी नदी नालों झरिया का पानी पीने को मजबूर हो रहे है। ग्राम साहेबिन कछार में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगभग 70 लख रुपए खर्च कर पानी का टंकी का निर्माण किया गया है और बाकायदा लोगों के घरों तक नल कनेक्शन लगाया गया है। ग्रामीण महिलाएं आज भी नदी नाले और कुएं से पानी लाते दिखाई देते हैं। ग्रामीण बैजनाथ नेताम, अर्जून सिंह, खोलबाहरा, डोमार सिंह, रतिराम, भवर सिंह ने बताया कई बार पानी टंकी प्रारंभ करने की मांग कर चुके हैं लेकिन इस ओर संबंधित विभाग क्यों ध्यान नहीं देते यहां समझ से परे है।



## बालियां आते ही फसल पर चूहों का आक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश में राजिम क्षेत्र धान की खेती के काफी मशहुर है। यहां के मेहनतकश किसान एक से बढ़कर एक वैरायटी का धान बोते है। इस बार भी फसल बहुत अच्छा हुआ है जो दशहरा के बाद कटना शुरू हो जाएगा। पर बता दें कि क्षेत्र में विकराल ऊमस और बेहद तीखा गर्मी का वातावरण है जिसके चलते विभिन्न प्रकार के बीमारियों ने फसल को घेर लिया है और नुकसान पहुंचा रहा है। ग्राम बिरोडा के किसान भुनेश्वर साहू ने बताया कि फसल तो जोरदार है मगर भूरा माहो और तनाच्छेदक ने घायल कर दिया है ऊपर से इस बार चूहा अतलंग कर रहा है। किसानों के लिए यह बड़ी समस्या हो गई है। बीमारी तो दवाई डालने से ठीक हो जाएगा पर चूहा तो लाईलाज हो गया है। बताया कि वे 7- 8 एकड़ में सरना और सुगंधित धान बोया ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पिपरौद में 10 दिनों तक होगी गंगा एवं मां दुर्गा की आरती

**नवापारा-राजिम।** शहर से लगे हुए पिपरौद एक ऐसा ग्राम है जहां हर साल भव्य गंगा आरती का आयोजन नवरात्र के समय किया जाता है। यह आयोजन नव दुर्गोत्सव समिति चंडीपारा व बजरंग दल के सहयोग से इस बार भी होने जा रहा है। बताया गया है कि नवरात्र के पहले ही दिन 3 अक्टूबर से यह आयोजन लगातार 10 दिन 12 अक्टूबर शनिवार तक होगा। गंगा आरती का समय शाम 6:20 बजे एवं मां दुर्गा की भव्य आरती का समय शाम 7 बजे रखा गया है जिसमें बड़ी संख्या में गांव के मातृशक्तियां बहुत ही भक्तिभाव के साथ शामिल होंगी। आरती में शामिल होने कई राजनेता भी पहुंचते है। ये आरती इस क्षेत्र के लिए काफी प्रसिद्ध माना जाता है।

### दुलना में कामता प्रसाद का हरिकीर्तन आज

**नवापारा-राजिम।** दुलना के मां विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक द्वारा 4 अक्टूबर को कुड़ेरादादर के पंडित कामता प्रसाद का हरिकीर्तन पर प्रवचन रात 8 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मुकेश साहू, उपाध्यक्ष नरेंद्र, पिंटू साहू ने बताया कि दुर्गात्सव के उपलक्ष्य में हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के उपाध्यक्ष पिंटू ने ग्रामवासियों से आग्रह किया है कि हरिकीर्तन सुनने रात 8 बजे दुर्गा पंडाल के सामने बाजार चौक में बड़ी संख्या में पहुंचे।

### श्यामनगर में डांस प्रतियोगिता 6 को

**राजिम।** ग्राम श्यामनगर में 6 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गांव के आयोजक युवा डायमंड साहू ने बताया कि राजिम क्षेत्र के चार ग्राम श्यामनगर, बेलटुकरी, परसदा जोशी एवं दुतकैंया में एक ही दिन यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया है।

### भारी मात्रा में अवैध प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने साराडीह रोड किनारे नहर पुल, के पास एक व्यक्ति को भारी मात्रा में अवैध देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा है।

# अक्टूबर का तापमान 10 साल में पहली बार 35.1 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अक्टूबर के पहले ही दिन की गर्मी ने पिछले 10 वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और इस असामान्य रूप से तीव्र तापमान ने लोगों को भारी असुविधा और परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर किया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, इससे पहले 3 अक्टूबर 2014 में तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। अक्टूबर का महीना सामान्यतः ठंड की शुरुआत का संकेत होता है, जब मानसून खत्म हो जाता है और ठंडी हवाएं चलने लगती हैं लेकिन इस बार, स्थिति एकदम उलट है और गर्मी ने असामान्य तरीके से अपना असर दिखाया है। गुरूवार को दिनभर लोग गर्मी से परेशान रहे, इस दौरान न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो आगामी तीन-चार दिनों ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मूर्ति अनावरण में शामिल होंगे पूर्व विधायक ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर ग्राम गौरघाट चौक मे भाठीगढ़ ग्राम गण राज्य के संस्थापक महाराज खोरा देवान की मूर्ति का विधिवत पूजा अर्चना कर 4 अक्टूबर को अनावरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, देहारगुड़ा के पवन दिवान एवं गौरघाट के सरपंच खेलन दिवान ने देते हुए बताया कि 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भाठीगढ़ ग्राम गण राज्य के संस्थापक महाराज खोरा देवान की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है उन्होने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



# कैंसर से जूझ रहे मरीज का कीमोथेरेपी से सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सीएमएचओ और सीएस सर के मार्गदर्शन में गरियाबंद में कीमोथेरेपी से कैंसर का अच्छा इलाज किया जा रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को अब कीमोथेरेपी के माध्यम से गरियाबंद में बेहतरीन उपचार दिया जा रहा है। इसका असर आज देखने को मिल रहा है आज गरियाबंद में डॉक्टर रूपेंद्र महिलांगे द्वारा डीसीएच पर गुरुवार को सुपेवेडा के एक मरीज का आज चौथा बार सफलता पूर्वक कीमोथेरेपी किया गया। देवभोग ब्लॉक के जितने भी मरीज का किमोथेरेपी कराए गरियाबंद जाने के लिए मरीज को निःशुल्क गाड़ी का व्यवस्था किया जाता है। बताना चाहूंगा की 2 महीने पहले सिर्फ 6 लोगों का देवभोग सीएचसी में ही डायलिसिस का लाभ मिल रहा था,अभी वर्तमान में देखा जाए तो इसकी संख्या बढ़ कर 12 लोगों को लाभ मिल रहा है। बीएमओ के द्वारा ष्डायलिसिस



मरीज को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बताना चाहूंगा की जब से प्रकाश साहू बीएमओ बनने के बाद एम्स रायपुर से उपचार करा रहे सुपेबेडा के मरीज को कीमोथेरेपी डीएच गरियाबंद करने के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## स्वीकृत घरों के निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

# जिले के 31 हजार 95 परिवारों को मिलेगा पक्का आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- हितग्राही खुशियों के साथ नये घर में कर रहे प्रवेश

जिले में जरूरतमंदों एवं आवासविहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास सुविधाओं से लाभान्वित किया जा है। इसी तारतम्य में राज्य शासन के निर्देशानुसार 3 से 5 अक्टूबर तक भूमि पूजन एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पीएम आवास अंतर्गत नवनिर्मित घरों में हितग्राहियों द्वारा खुशी के साथ गृह प्रवेश किया जा रहा है। साथ ही योजना अंतर्गत बनने वाले स्वीकृत नये आवासों का विधि-विधान से भूमिपूजन भी किया जा रहा है। हितग्राहियों को नये आवास मिलने की खुशी में पूरा परिवार शामिल होकर उत्सव के माहौल में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। यह कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एवं लाभार्थियों की मौजूदगी में उत्सवपूर्ण माहौल में आयोजित किया जा रहा है। आवासों में तोरण लगाकर सजाया जा रहा है। साथ ही रंगोली एवं दीप प्रज्जवलन कर हितग्राहियों के मान्य विधि-विधान एवं परम्पराओं का निर्वहन करते हुए प्रतिकात्मक चाबी वितरण, मिठाई तथा उपहार वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 24 हजार 615 परिवार के साथ ही आवास प्लस के 6 हजार 480 इस प्रकार कुल 31 हजार 95 आवासहीन परिवारों को पक्का आवास से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व कभी भी एक वित्तीय वर्ष में इतनी संख्या में आवास स्वीकृति नहीं दी गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के क्रियान्वयन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने एवं आमजनों ने योजना के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।





## 1.26 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक से गांजा तस्करी करने वाले युवक पर सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 26 हजार रुपए का 8.40 किलो गांजा जब्त किया गया है। आरोपी को नारकोटिक्स के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कि एक व्यक्ति एक काला-नीला कलर के प्लेटिना बजाज बिना नंबर की बाइक में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर घेराबंदी किया गया। जब उक्त व्यक्ति को वहां पहुंचा तो उससे पूछताछ की गई।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मरीन ड्राइव में जल सेवा केंद्र का शुभारंभ आज

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा राजधानी के तेलीबांधा तालाब किनारे मरीन ड्राइव में 4 अक्टूबर को आम जनता के लिए शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया जायेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल शाम 4 बजे पार्षदों की मौजूदगी में जल सेवा केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले शहर के 4 स्थानों पर जन कल्याण को ध्यान में रखकर स्थायी वाटर कूलर की स्थापना की गई है। इनमें भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल परिसर, अमलेश्वर थाना के सामने, वीआईपी चौक में शीतल जल की व्यवस्था करने वाटर कूलर लगाया गया है।

### प्रदेश प्रभारी पायलट और बैज का किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश बढ़ते अपराध, महिलाओं पर अत्याचार, चाकूबाजी, लूटमार डकैती एवं नशाखोरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा की शुरुआत विगत 27 सितंबर से बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी से प्रारंभ होकर 130 किलोमीटर चलकर बुधवार को सुबह 12 बजे रायपुर पहुंची। राजधानी पहुंचने पर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पंडरी में नगर निगम के पार्षद एवं संस्कृति विभाग के भारसाधक आकाश तिवारी अपने सैकड़ों समर्थक जो हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए युवा, वृद्धजन और बच्चे सहित वार्ड की महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, दीपक बैज जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज का बीमा कार्यालय के पास निर्मित मंच पर गज माला और साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम दौरान रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### न्याय यात्रा का मिनीमाता परिसर में स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा गिरौदपुरी धाम से गांधी मैदान तक निकाली पदयात्रा का जोन 2 अध्यक्ष बंटी होरा , पार्षद कामरान अंसारी सहित वार्डवासियों के साथ स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह पदयात्रा निकाली गई। पंडरी स्थित मिनी माता परिसर पहुंचने पर पदयात्रा में शामिल लोगों का वार्ड के युवाओं और महिलाओं ने भव्य स्वागत किया । स्वागत में सबसे पहले मिनी माता व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पदयात्रियों को शरबत वितरण किया ।

### आजाद चौक में मनाई महात्मा गांधी की जयंती



**रायपुर।** आजाद चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल में बुधवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था परिवार के परिजनों उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पीएन तिवारी, अजय जैन, छबिराम चंद्राकर, बसंत कश्यप, मुक्ति बैस, आचार्य प्रहलाद मिश्रा, पी संतोष नायडू, चंद्रहास मौर्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, मंगल सिंह, चंद्रकांत पांडे, परसराम अहीर, सुनील बाजारी, राजेन्द्र उमाठे, भारत भूषण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री दिल्ली में शाह से 7 को करेंगे मुलाकात, निगम मंडल में नियुक्ति पर होगी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 6 अक्टूबर को नई दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। बताया जाता है कि मुलाकात के दौरान राज्य में होने वाली निगम मंडल की नियुक्तियों के संबंध में बात हो सकती है। भाजपा सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा हो चुका है। निगम मंडल में नियुक्तियों को लेकर पिछले कुछ दिनों से संगठन और सरकार के स्तर पर चर्चाएं चल रही हैं।

भाजपा सरकार बनने के बाद संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम मंडल में नियुक्त करने के संबंध में पार्टी आलाकमान को नाम भेजे गए थे। नामों पर सहमति नहीं बन पाने के कारण इसकी सूची जारी नहीं हो पाई। पार्टी ने पांच प्राधिकरण में उपाध्यक्ष की नियुक्ति की थी।

इन प्राधिकरण में नियुक्ति के बाद इस बात की चर्चा है कि शेष निगम मंडल में राजनीतिक आधार पर मिलने वाली नियुक्ति को जल्द हरी झंडी मिलेगी। मुख्यमंत्री के 6 अक्टूबर को दिल्ली दौरे के दौरान 7 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात का कार्यक्रम तय किया गया है। मुलाकात के दौरान निगम मंडल के नामों पर सहमति बनने की संभावना बताई जा रही है। भाजपा ने कहा था कि लोकसभा चुनाव का परफार्मेंस देखने के बाद निगम मंडल में नियुक्ति की जाएगी।

## मुख्यमंत्री 6 को जाएंगे दिल्ली

### तीन दर्जन नेताओं के नाम

निगम मंडल में नियुक्ति के लिए भाजपा संगठन के तीन दर्जन से अधिक पदाधिकारियों को मौका दिया जाना है। उनके नामों की सूची भाजपा आलाकमान को भेजी गई है। नामों में कई विधायक, पूर्व विधायक और संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हैं। बताया जाता है कि नगरीय निकाय चुनाव के पहले नियुक्ति करने पर स्थानीय संगठन का दबाव है। ऐसे में इन नियुक्तियों को लेकर फिर एक बार चर्चा शुरू हो गई है।



### महीनों से है इंतजार

भाजपा की सरकार आने के बाद पार्टी के नेता महीनों से इसके इंतजार में हैं। कई पुराने नेता इसके लिए संगठन के बड़े पदाधिकारियों के जरिए जोड़तोड़ में लगे हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर निगम मंडल आयोग के पदाधिकारियों की नियुक्ति की सूची वायरल हो रही है। इसे लेकर भी दावेदारों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

## सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का समापन

# मुख्यमंत्री साय ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया जन जागरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का आयोजन करती है। इसमें स्वच्छता अभियान का विशेष महत्व होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल स्वच्छ भारत को भाजपा कार्यकर्ता बेहद गंभीरता से क्रियान्वित करते हैं और सभी जिलों के मंडलों और बूथों में स्वच्छता अभियान चला कर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आज रायपुर शहर अंतर्गत आजाद चौक क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित रायपुर शहर जिला के प्रादेशिक और जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित तमाम नेताओं ने आसपास के क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाकर जन जागरण लाने का प्रयास किया। आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम पर स्वच्छता मित्रों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सहायिकाओं और महिला स्वसहायता समिति की बहनों को भी सम्मानित किया गया।



### जनता सेवा सर्वोपरिः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सेवा भाजपा का मूलमंत्र है और भाजपा द्वारा चलाई जा रही योजनाएं चाहे वह केंद्र सरकार की हों या राज्य सरकार की योजना में जनहित और जनता सेवा सर्वोपरि है। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री ने भारत में स्वच्छता में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। आज गांधी जयंती पर सेवा ही समर्पण पखवाड़े जा समापन स्वच्छता अभियान चला कर किया जा रहा है। प्रदेश की जनता से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने की अपेक्षा करते हैं, क्योंकि स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

### देश में वैश्विक बदलाव लाया- बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा स्वच्छ भारत निर्माण के दृढ़ संकल्पित है। सेवा ही समर्पण के माध्यम से भाजपा पूरे भारत के हर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चला कर जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने देश की स्वच्छ तस्वीर में वैश्विक बदलाव लाया है। भाजपा ने पूरे पखवाड़े सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### हमें जागरूक रहना चाहिए : कश्यप

रायपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप स्वच्छता अभियान के तहत पुरानी बस्ती मंडल में श्रमदान किया। सफाई मित्रों और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सम्मान भी किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, स्वच्छ भारत के निर्माण से ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। स्वच्छता हर भारतीय की नैतिक जिम्मेदारी है और हम सभी को स्वच्छता इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए।

### यहां भी हुए कार्यक्रम

रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत ने वीर शिवाजी वार्ड खमतराई बाजार में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सफाई कर्मियों को साल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं ग्रामीण विधानसभा विधायक मोतीलाल साहू ने बिरगांव मंडल के बुधवारी बाजार में सफाई अभियान चलाकर सदस्यता महा अभियान किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने तेलीबांधा मंडल के मरीन ड्राइव में स्वच्छता अभियान चलाया।

# नोडल अधिकारियों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

आदिवासी बहुल्य जिला गरियाबंद को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए प्रयास जारी हैं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अगुवाई में गौरव गरियाबंद अभियान के तहत कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया जा रहा है। इस बार त्रैमासिक परीक्षा को बोर्ड के पैटर्न पर आयोजित किया जा रहा है, जिसे जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के मार्गदर्शन में संपन्न किया जा रहा है। जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल और जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के निर्देश पर, गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर और मनोज केला ने जिले के विभिन्न स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई स्कूलों में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारियों ने केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिसमें छात्रों की बैठने की व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए पंखे और पानी की समुचित व्यवस्था शामिल है। उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए। गौरव गरियाबंद अभियान के तहत श्याम चंद्राकर और मनोज केला ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरमरा, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला अतरमरा, हाई स्कूल सांकरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुंदर लिखावट के महत्व पर भी शिक्षकों से चर्चा की।

# टिंकरथान में जिले के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा 28 एवं 29 सितम्बर को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय टिंकरथान 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राएं टिंकरथान प्रतियोगिता में दिये गये थीम अर्बन एवं रूरल पर आधारित मॉडल निर्माण एवं प्रेजेंटेशन पर कार्य किया। प्रतियोगिता में राज्य भर से निजी एवं शासकीय एटीएल एवं नॉन एटीएल स्कूल से 280 टीम शामिल हुए, जिसमें से अकलवारा के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों ने शानदार विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कौंदकेरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात बच्चों ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बच्चों को विज्ञान मॉडल पुरस्कार मिलने पर हर्ष जाहिर किया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी। साथ ही पढ़ाई के अलावा विज्ञान और नवाचार के कार्यों में भी रूचि लेते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर से मुलाकात कर खुशियां जताई।

## पंडाल में मां दुर्गा विराजी...



**राजिम।** ग्राम रजनकटा में नवदुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में धूमधाम के साथ मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा में समिति के टीकम साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### परिवार परामर्श केंद्र की मध्यस्थता से बिखरते परिवार आपस में मिले

**रायपुर।** छोटी-छोटी बातों को लेकर होने वाले विवाद के चलते पति-पत्नी तथा परिवार के बीच अलगाव की स्थिति निर्मित होती है। स्थिति यहां तक पहुंच जाती है कि परिवार टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। ऐसे विवादों के चलते मामला अब थाने तक पहुंच रहा है। पारिवारिक झगड़ों में सुलह कराने के साथ उन्हें मिलाने का काम महिला पुलिस का परिवार परामर्श केंद्र कर रहा है। आईएसीयूडब्लू की एएसपी ललिता मेहर तथा डीएसपी ममता देवांगन के मुताबिक एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के मार्गदर्शन में घरेलू विवाद के मामलों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद विवाद सुलझाने के प्रयास किए जाते हैं। घरेलू तथा पति-पत्नी के विवाद की महिला थाना में 1656 शिकायतें आई हैं। इनमें से 718 प्रकरणों में आपसी सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया गया है।

# 70 हजार से ज्यादा राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं फंसा केवाईसी का पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में अब तक 70 हजार 445 राशन कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इन कार्डों के 5 लाख 16 हजार 350 सदस्य हैं, जिन्होंने अब तक अपना ई-केवाइसी भी नहीं कराया है। केवाइसी का काम पूरे भारत में चल रहा है, वहीं नवीनीकरण का काम छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से शुरू हुआ है। केवाइसी के लिए अब तक केंद्र सरकार ने अंतिम तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन नवीनीकरण के लिए शासन ने 31 अक्टूबर निर्धारित किया है। इसके बाद नवीनीकरण का काम पूरी तरह से बंद हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो आगामी दिनों में उन्हीं कार्ड धारकों को खाद्यान्न मिलेगा, जिन्होंने नवीनीकरण करा लिया है, क्योंकि इसके बाद राशन दुकानों में नए कार्ड से ही धारक को खाद्यान्न वितरण किया जाना है।



### नवीनीकरण के बाद नया कार्ड मिलने तक पुराना मान्य

निर्धारित तारीख तक नवीनीकरण करा चुके कार्ड धारकों को ही राशन दुकानों से खाद्यान्न मिल पाएगा। नवीनीकरण कराने के बाद जब तक नया कार्ड बनकर धारक को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा। नया कार्ड मिलने के बाद पुराना कार्ड अमान्य हो जाएगा। यही कारण है कि कार्ड धारक को नया कार्ड देने के दिन ही पुराना कार्ड जमा कराया जा रहा है।

## पेज 9 के शेष...

### महामाया मंदिर में...

यादव, बाल्मीकी धीवर, रामनारायण साहू, फागु निषाद ,लखन निर्मलकर ,गोपाल निषाद,राजू निषाद,भवानीशंकर साहू सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में 1221 मनोकामना ज्योति कलश मां महामाया मंदिर में प्रज्ज्वलित किए गए।

### साहेबिनकछार के...

पंचायत ओड़िसा सीमा से लगा हुआ है। हरिभूमि की टीम ने बीहड़ जंगल के बीच बसे इस क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार किया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 38 किमी दूर देवभोग मुख्य मार्ग में ग्राम बम्हनीझोला से कच्ची सड़क मार्ग के सहारे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार तक पहुंचा जाता है जो नेशनल हाईवे बम्हनीझोला से 18 किमी अंदर बसा हुआ है। गांव तक पहुंचने के लिए छोटी बड़ी आधा दर्जन नदी- नालों को पार करना पड़ता है किसी भी नदी-नाले में पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है। बारिश के दिनों मे नदी में बाढ़ आ जाने के कारण मरीजों को मैनपुर अस्पताल तक ले जाने मे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह सड़क पहाड़ी ईलाके को पार करते हुए ओड़िसा सीमा भूतबेड़ा को जोड़ता है। ग्रामीणों द्वारा इस सड़क को डामरीकरण की मांग लंबे समय से किया जा रहा है।

**बदहाल स्वास्थ्य सुविधा, इलाज के लिए ओड़िशा जाना मजबूरी-** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में ही स्वास्थ्य सुविधा की हालत खराब है तो इस वनांचल क्षेत्र की बात ही छोड़ दिजिए। इस क्षेत्र के आश्रित ग्राम करलाझर नागेश में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है जबकि यह क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है इसलिए यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग किया जा रहा है। गंभीर स्थिति में समय पर ईलाज नहीं मिलने व नदी नालों मे बाढ़ के कारण अकाल मृत्यु के गाल में बेसमय ही ग्रामीण समा जाते है यहां के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा इलाज के लिए ओड़िशा जाने को मजबूर होते है।

**बिजली नहीं सौर उर्जा प्लांट की स्थिति जर्जर-** ग्राम पंचायत साहेबिनकछार सहित आश्रित ग्रामों मे बिजली की रौशनी आज तक नहीं पहुंची है। आजादी के 77 वर्षों बाद भी यहां के ग्रामीणों को लालटेन के सहारे रात के अंधेरे से लड़ना पड़ता है। क्रेडा विभाग के उदासीन रवैये के कारण सौर उर्जा के उपकरण काफी जर्जर और पुराना हो चुका है जिसके चलते महज रात मे 2 घंटा ही लोगों को सौर उर्जा से रोशनी मिल पाती है उसके बाद पूरी रात ग्रामीणों को अंधेरे मे जीवन यापन करना पड़ता है।

**क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कोई सुनने वाला नहीं-** क्षेत्र के वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं पूर्व सरपंच रूप सिंह मरकाम ने बताया इस क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधा सड़क, बिजली, स्वास्थ्य पेयजल की मांग को लेकर कई बार जिले के आला अधिकारियों को ज्ञापन आवेदन दे चुके हैं। क्षेत्र के हजारों ग्रामीण पैदल जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर चुके हैं। लेकिन अब तक इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस क्षेत्र के गांव तक यदि पक्की सड़क बन जाती है तो बाकी समस्याओं का आसानी से समाधान हो जाएगा।

### बालियां आते ही फसल...

है परंतु नुकसान सिर्फ सुगंधित को कर रहा है। यह पहला अवसर जब क्षेत्र के किसान चूहों से हलाकॉन है। कोमा के किसान डॉ रामकुमार साहू ने बताया कि वे 4 एकड़ में सरना लगाया है। तेज ऊमस के कारण बीमारियां चरम पर है। भूरा माहो और तनाच्छेदक से यदि बचाव कर लिए तो समझों पूरा सोलह आने फसल होगा। भैंसातरा के हरख साहू जेंजरा के महेश साहू, लफंदी के नेहरु साहू, बकली के ओमप्रकाश साहू, चन्द्रप्रकाश सेन त्रिलोचन साहू, शिशुपाल साहू, धनी राम आदिल, कुम्ही के किसान राधेश्याम बंजारे ने बताया कि तनाच्छेदक और पत्तीमोड़ बीमारी ने फसल को ऐसा जकड़ लिया है कि दवाई बेअसर साबित हो रहा है। हम किसानों का सारा पैसा दवाई में चला जा रहा है। 15 - 15 दिन के अंतराल में दवाई का छिड़काव करने किसान विवश हो गए है। बताया कि हरहुना किस्म का धान सप्ताह भर बाद यानि दशहरा मानकर कटाई शुरू हो जाएगा बाकी पतला और लेट वैरायटी वाला धान दीपावली के कटेगा। बहरहाल किसानों के मेहनत में कोई कमी नहीं है चार महीनें की कमाई तभी हासिल हो सकेगा जब वे बीमारियों पर विजय पाएंगे। पर एक बात समझ में यह नहीं आता कि पहले के दवाई का असर जबर्दस्त होता था एक ही बार में बीमारी सफाचट मगर अब की दवाई का असर प्रभावी नहीं दिख रहा है।

### अक्टूबर का तापमान...

तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।अक्टूबर महीने में गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इस बार जून-जुलाई महीने के जैसे तापमान बढ़ा हुआ गर्मी में लोग पसीनों से तर-बतर हो रहे है, बुधवार को सुबह से ही तेज गर्मी रही। बुधवार के मुकाबले गुरुवार को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में बढोतरी हुई है। दोपहर के समय चटक धूप से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार तीन-चार दिनों तक तापमान बढ़ा रहेगा, क्षेत्र में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### कैंसर मरीज का...

लिए प्रोत्साहित किया अब मरीज कीमोथेरेपी से कैंसर के इलाज के लिए गरियाबंद जा रहे हैं मरीज। सुपेवेडा मरीज का कीमोथेरेपी से कैंसर का चौथा बार सफलता पूर्वक करने पर बीएमओ प्रकाश साहू ने गरियाबंद के टीम को स्नेहा और वेरोनिका को विशेष धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप



### अमलीपदर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में नवरात्र पर्व में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी बोल कालिया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा की पूजा अर्चना किया गया। जिसमें प्रातः काल 8 बजे कन्याओं के द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें बाजा -गाजे के साथ जयकारे लगाते हुए गांव के मुख्य रास्ते से शीतला मंदिर होते हुए कलशयात्रा गांव में भ्रमण किया गया। तत्पश्चात आचार्य पंडित युवराज पांडेय के द्वारा शुभ मुहूर्त में वेदो च्चारण करते हुए पूजन अर्चना किया गया और शुभ मुहूर्त में माता की मूर्ति की स्थापना कर ज्योति प्रज्ज्वलित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान अमर सतपथी पूजा सतपथी रहे। साथ ही गांव के झांकर पुजारी, सरपंच, पंच, वरिष्ठ नागरिक, माताएं बहनें बच्चे उपस्थित रहे।

### सेंदर में नवरात्रि की धूम, होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम



**छुईहा बेलर।** ग्राम सेंदर में शारदीय नवरात्र पर्व शिव चौक नवयुवक समिति के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया जा रहा है। उक्त आयोजन स्थल में दर्शकों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने का अवसर मिलेगा। नोस गोलू साहू ने कहा द्वितीय दिवस में युधिष्ठिर मानस एवं जगराता ग्रुप देवरतिल्दा, तृतीय दिवस जय श्री कृष्ण रामधुनी एवं जस झांकी मंडली-धमतरी, चतुर्थ दिवस परमेश्वर जस मंगल ग्रुप सेम्हरतरा, पंचम दिवस जय बजरंग रामधुनी मंडली एवं जस झांकी, ग्राम-रिवागहन, सप्तम दिवस जय बजरंग भुनेश्वर मानस एवं जस झांकी परिवार, ग्राम-भण्डारी -राजनांदगांव, दशम दिवस सावित्री मंडावी कृत लोक साधना जगराता ग्रुप बहेराबुड़ा गरियाबंद का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

### दुलना में पौधारोपण

**नवापारा-राजिम।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर एक तरफ जहां स्वच्छता अभियान चलाया गया वहीं दूसरी ओर पौधरोपण भी किया गया।



पौधारोपण करने में गांव के पूर्व उपसरपंच हेमंत साहू व उनके सहयोगियो की उल्लेखनीय भूमिका रही।

**बैठक : योजनाओं के सेचुरेशन और अवैध शराब बिक्री पर कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# प्रकरणों को लंबित न रखें समय-सीमा के भीतर करें सभी का निपटारा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने बैठक में राज्योत्सव की तैयारी को लेकर विभागीय अधिकारियों से की चर्चा

जिला मुख्यालय में 5 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने विभागों में लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए और समय-सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का निपटारा किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के सेचुरेशन के तहत नेल्लानार डैशबोर्ड में ऑनलाइन एंट्री की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, श्रमिक पंजीयन, आय-जाति निवास, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, नलजल कनेक्शन जैसी 37 प्रकार की सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पात्र, लाभान्वित और अपात्र की स्थिति का एंट्री पोर्टल में समय पर दर्ज किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लोग योजनाओं से वंचित हैं, उनका सर्वे किया जाए और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर सर्वे टीम गठित की जाएगी और टीम को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। एसडीएम और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सर्वे और एंट्री की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

**जतमई और भूतेश्वरनाथ मंदिर के ट्रस्ट पर चर्चा-** कलेक्टर ने जतमई और भूतेश्वरनाथ मंदिर को ट्रस्ट में बदलने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम को आवश्यक पहल करते हुए ट्रस्ट के गठन का कार्य जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### जल संचय और रेड क्रॉस सोसायटी पर विशेष ध्यान

बैठक में जल संचय और जल भागीदारी के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कृत्रिम जल रिचार्ज के लिए आवश्यक स्ट्रक्चर विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्यता के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को रेड क्रॉस की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन किया जा सके। इस समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित एसडीएम, जनपद सीईओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्योत्सव की करें तैयारियां

कलेक्टर ने बैठक में 5 नवंबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय राज्योत्सव मनाने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को इस अवसर के लिए आवश्यक तैयारियां और कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं का प्रदर्शन करने के लिए स्टॉल लगाएंगे। इसके लिए एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### स्वामित्व योजना और अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत हो रहे सर्वे कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को भूमि सर्वेक्षण के कार्य को 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण और बिक्री की शिकायतों पर भी गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, ओवर रेटिंग पर शराब बेचने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## गरियाबंद में नवरात्रि की धूम दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना, भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में नवरात्रि पर्व की शुरुआत धूमधाम से हो गई है। 3 अक्टूबर को विभिन्न दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना भक्तिभाव से की गई। पूरे शहर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब दुर्गा समिति के सदस्य मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर पंडालों की ओर जाते दिखे। ढोल-नगाड़ों और मंत्रोच्चार के साथ सजी हुई प्रतिमाओं को विशेष रूप से तैयार किए गए रथों और वाहनों पर स्थापित किया गया।

गरियाबंद जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में नवरात्रि के शुभ अवसर पर अखंड ज्योत और ज्वारा प्रज्वलित किए गए हैं। भक्तिभाव से सराबोर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना के साथ नौ दिवसीय महापर्व की शुरुआत की। मंदिरों में प्रज्वलित की गई अखंड ज्योत मां की अनंत शक्ति और आस्था का प्रतीक बनी हुई है, जो श्रद्धालुओं के दिलों में अपार ऊर्जा और विश्वास भर रही है।

**पंडालों में विशेष थीम-** इस वर्ष के पंडालों में विशेष सजावट और थीम पर ध्यान दिया गया है। देवी की प्रतिमाओं को आकर्षक वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था और प्रेरणा का केंद्र बनी हुई हैं। नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिनमें भजन, कीर्तन और जागरण जैसे अनुष्ठान शामिल हैं।

**ग्रामीण इलाकों में भी उत्साह-** ग्रामीण इलाकों में भी नवरात्रि की रौनक कम नहीं है। गांवों में स्थानीय दुर्गा समिति के सदस्य और युवा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पंडालों में सजावट के साथ देवी के आगमन की तैयारियां पहले से ही जोर-शोर से चल रही थीं, और अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़े उत्साह से देवी के दर्शन और पूजा में शामिल हो रहे हैं। पूरे गरियाबंद जिले में नवरात्रि के इस पवित्र पर्व का उल्लास देखने लायक है, जहां आस्था, भक्ति और समर्पण के साथ मां दुर्गा की आराधना की जा रही है।





## मानिकचौरी में नारी शक्ति ग्राम संगठन की वार्षिक आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नारी शक्ति ग्राम संगठन मानिकचौरी द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन 2 अक्टूबर को सरपंच बुद्धेश्वर साहू के मुख्यातिथ्य में रखा गया था। इस अवसर पर सरपंच श्री साहू ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकार को समझें, साथ ही समाज और अपने गांव को स्वच्छ, सुन्दर बनाने में पंचायत का सहयोग करें, व्यवसाय में बोलने व सामान बेचने की कला के साथ इसका ट्रेनिंग जरुरी है। महिलाओं नें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, का आयोजन भी रखा। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी लोगों को स्वच्छ बनाने शपथ दिलवाया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, पूर्व थाना प्रभारी रमेश साहू, पूर्णिमा मानिकपुरी, हेमलता यादव, टीला साहू, सत्यवती साहू, ज्योति यादव, पूर्णिमा साहू, प्रतिभा साहू, मीता साहू, भावना साहू, चंद्रकिरण चंदेल, आरती कामड़े, पूर्णिमा सेन, शिवा सेन, लक्ष्मी यादव, त्रिलोका साहू, किरण साहू, उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



नगर के प्राचीन शिव दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय राजकुमार शर्मा की स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उनकी धर्मपत्नी सरोज शर्मा आमदी, गरियाबंद, परिवार के वरिष्ठ सदस्य पंडित सनत उपाध्याय और स्वर्गीय राजकुमार शर्मा के पुत्र वसंत शर्मा, पुत्रवधू किरण शर्मा एवं उपाध्याय परिवार द्वारा उनके वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित किया गया है। यह आयोजन 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चलेगा। कथा के प्रथम दिन विद्वान कथा वाचक पंडित राम कुमार शर्मा द्वारा व्यासगद्दी पर विराजमान होकर संगीत मय कथा सुनाई गई। आज के दिन गौकरण कथा का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसे श्रद्धालु भक्तिपूर्ण भाव से सुन रहे हैं।

मंदिर समिति के वर्तमान अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल साहू, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष विजय साहू, कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल देवांगन, रमेश लाल मेश्राम, वीरेंद्र कुमार यादव, सचिव केशव लाल साहू और मंदिर के पुजारी सदानंद दुबे सहित नगर के अनेक प्रबुद्ध लोग कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। इस विशेष आयोजन में शिव दुर्गा मंदिर में 351 ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। यह मंदिर स्थापना का 50वां वर्ष है, जिसे हर्षोल्लास और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और इस भक्ति मय आयोजन का लाभ उठाएं।

## जरगांव में की गई स्कूल प्रांगण की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरगांव में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत शाला प्रांगण की साफ सफाई किया गया। खेल मैदान को बड़े- बड़े झाड़ियों की सफाई के साथ स्वच्छता अभियान की शुरुआत किया गया। बच्चों को गांधी जयंती के अवसर पर चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्वच्छता संबंधी नारा लेखन का कार्य कराया गया।ए क क़दम स्वच्छता की ओर आज सभी जगहों पर सफलीभूत हो रहा है। इसमें स्वच्छता दीदियों का भी सहयोग रहा। स्कूल कैंम्पस में किचन गार्डन विकसित करने की दिशा में भी पहल किया जा रहा है। वर्तमान में यहां बरसाती कुम्हड़ा की तुड़ाई कर सब्जी बनाने के लिए रखा गया है। किचन गार्डन में मौसमी सब्जी मूली, लाल भाजी, पालक, धनिया मेथी, लगाने की तैयारी की जा रही है। बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाया गया। अपने आसपास की साफ-सफाई का संदेश दिया गया। स्वच्छता का शपथ लेकर बच्चों ने अपने आसपास की सफाई किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी मांझी, डिगेश्वरी दिवान, लोकनाथ साहू, सेवती साहू, ललिता वर्मा, लिमेश साहू, पुरूषोत्तम ध्रुव, टामिन ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मानकी ध्रुव रसोइया आदि शामिल हुए।

### कृषि उपज मंडी में चला स्वच्छता अभियान

**राजिम।** कृषि उपज मंडी समिति राजिम में 2 अक्टूबर बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत दिवस स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 में व्यापक जागरूकता प्रसारित करने हेतु कृषि उपज मंडी कार्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें कृषि उपज मंडी के कर्मचारी शामिल थे।





## भेण्डरी में साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

साहू समाज भेण्डरी द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें साहू भवन, पंचायत भवन, चौक-चौराहे की साफ-सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष घनश्याम साहू, करेली परिक्षेत्र के अध्यक्ष कार्तिक साहू, डॉ गिरीश साहू,डॉ चुम्मन साहू, दिलीप साहू, मानस साहू, रामू साहू, भोलाराम साहू, लाकेश्वर साहू ,पुकू साहू, यादराम साहू ,भुवन साहू शामिल थे।

### टीला में गीता गोस्वामी की भागवत कथा जारी

**नवापारा-राजिम।** टीला के ज्वाला दुर्गोत्सव समिति द्वारा अस्पताल चौक में राजिम के सुप्रसिद्ध कथावाचक गीता गोस्वामी का श्रीमद भागवत कथा गुरूवार को कलश यात्रा वैदिक पूजन के साथ शुरू हो गया है। कथा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 3 बजे से 6 बजे तक का समय रखा गया है। आयोजक समिति द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक समस्त ग्रामवासी के सहयोग से नवरात्रि पर्व के सुअवसर पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना एवं ज्योति कलश स्थापना के साथ ही श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ कराया गया है। शुक्रवार को परीक्षित जन्म, शिव-पार्वती विवाह की कथा होगी। कल शनिवार को ध्रुव चरित्र, जड़भरत कथा, भक्त प्रहलाद कथा। रविवार 6 अक्टूबर को गजेंद्र मोक्ष कथा,वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म। सोमवार 7 अक्टूबर को कृष्ण बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा की कथा होगी। मंगलवार 8 अक्टूबर को कंस वध, रूखमणी विवाह व 9 अक्टूबर बुधवार को सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 10 अक्टूबर गुरूवार को महाभारत कथा परीक्षित मोक्ष,तुलसी वर्षा और शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 11 अक्टूबर शुक्रवार को गीता पाठ,हवन पूजन,नवकन्या भोज के साथ ही महाप्रसादी का आयोजन होगा। परायणकर्ता के रूप में पंडित झंकार पांडे है।



■ आज परीक्षित जन्म, शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाएंगी

## कुम्हड़ईखुर्द बना हर घर जल प्रमाणित गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ घर-घर नल कनेक्शन पहुंचने से ग्रामीण हुए खुशहाल

जिला मुख्यालय से 120 किलो मीटर की दूरी में स्थित विकासखण्ड देवभोग के ग्राम पंचायत कुम्हड़ईखुर्द में जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच नीलेन्द्री रावत एवं सचिव अनंत राम नागेश द्वारा ग्राम कुम्हड़ईखुर्द को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। दरअसल कुम्हड़ईखुर्द गांव में घर-घर तक पीने के पानी उपलब्धता के लिए नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। लोगों को घर तक पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है। जिससे लोगों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी नहीं जाना पड़ रहा है। इसके फलस्वरूप ग्रामीणों का जीवन खुशहाल हो गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री विप्लव घृतलहरे के मार्गदर्शन में उड़ीसा की सीमा को छुता हुआ गांव कुम्हड़ईखुर्द में घर-घर तक नल जल पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किया गया। वनांचल क्षेत्र होने के कारण कुछ कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। लेकिन जिला प्रशासन की लोगों की भलाई की मंशा से दूरस्थ वनांचल ग्राम कुम्हड़ईखुर्द में भी घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंच गया है। पाइपलाइन के माध्यम से गांव के हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। घर- घर में नल कनेक्शन लगने से गांव वाले काफी खुशहाल महसूस कर रहे है।

### पानी के लिए देना होगा 50 रुपए



जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण होने पश्चात गांव के ग्राम पंचायत में हर घर जल उत्सव मनाने की तैयारी की गई। जिला मुख्यालय से पहुंची टीम ने गांव में घुमकर स्टैंड पोस्ट पाइपलाइन व जल स्त्रोत का निरीक्षण किया। सरपंच नीलेन्द्री रावत को संबंधित जानकारी पढ़कर सुनाया तो वहीं इंजीनियर ने बताया कि अब तक पानी आपूर्ति का संचालन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। लेकिन अब इसकी जिम्मेदारी पंचायत को सौंपी जाएगी, पानी की आपूर्ति का संचालन अब पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंप ऑपरेटर का भी चयन किया गया साथ ही पंप ऑपरेटर का मानदेय भुगतान करने के लिए हर घर पानी शुल्क प्रति घर 50 रुपए निर्धारित किया गया। हर घर जल उत्सव के अवसर पर सरपंच नीलेन्द्री रावत सचिव अनंत राम नागेश वार्ड पंच, मितानिन दीदीयॉ जिला समन्वयक एवं ग्रामवासियों ने मिलकर खुशियां मनाई।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम में सफाई की

**फिंगेश्वर।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत मुक्तिधाम फिंगेश्वर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं के साथ मुक्तिधाम में झाड़ू चलकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित,भाजपा नेता रामू राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू राजू साहू, डॉ. चंद्रशेखर हरित, दीपक श्रीवास सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने मुक्तिधाम फिंगेश्वर में स्वच्छता अभियान उपस्थित देकर झाड़ू लगाकर तथा मां के नाम एक पौधा लगाया। उक्त अवसर पर भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नेता तथा नागरिक गण उपस्थित रहे।

### जामगांव में चला स्वच्छता अभियान



**फिंगेश्वर।** ग्राम जामगांव में गांधी जयंती पर पंचायत भवन के गली, चौक -चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया। तथा स्वच्छता रखने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति मधुबाला रात्रे, जामगांव के प्रथम नागरिक सरपंच अरुण सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री मिजून साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू, पंच गण ललता प्रसाद ध्रुव, ओंकार साहू, यशोदा साहू, उमेश्वरी साहू, जनपद सदस्य राज बाई दीवान, मेवालाल तारक, महिला कमांडो नीराबाई, कौशल्या साहू, कुमारी साहू, संतोषी साहू, देवकी यादव, श्याम सेन, धनेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## निधन

### तुलस राम साहू

**छुईहा बेलर।** ग्राम फुलझर बोड़की निवासी तुलस राम साहू 58 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। गांव जिनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



**नवरात्रि :** माता के मंदिरों में शारदीय नवरात्रि पर जले आस्था के ज्योत

# समृद्धि की कामना के साथ झरझरा माता मंदिर में जल रहे आस्था के 745 ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

मां झरझारा माता मंदिर में 745 ज्योत आस्था के साथ प्रज्जवलित हो हैं। रोशन लाल साहू ने बताया कि जिस प्रकार से घटारानी धाम प्रसिद्ध है। ठीक उसी प्रकार से मुरमुरा गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर मां झरझरा निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य व झील पर अदृश्य स्वरूपी झरझरा माता का दिव्य रूप विराजमान है। वहां पर पर्यटन स्थल से चारों तरफ घीरा हुआ है। जो आकर्षक व सौंदर्य है, जो मन को भावित करता है। इस पर्यटन स्थल को देखने के लिए व माता रानी के दर्शन के लिए आसपास के साथ-साथ दूर-दूर से श्रद्धालु लोग बड़े आस्था और भाव लेकर दर्शन के लिए आते हैं। भक्तों की मनोकामना पूरी होती है इसलिए भक्तों द्वारा देवी स्थलों पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। जो लोगों के आस्था का उदाहरण है। पूरे 9 दिनों तक ढोल, मंजीरे, झांझ द्वारा माता के जस का गान जसगीत गाया जाएगा और सभी दर्शनार्थ लोगों के लिए पूरे 9 दिनों तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था मां झरझारा समिति के द्वारा किया जाएगा।





इसमें मुख्य रूप से प्रथम पुजारी स्व.गैंद राम साहू, मुख्य पुजारी श्री गोवर्धन यादव,जीवन साहू पुजारी, सरंक्षक भिखारी साहू, अध्यक्ष ढालू राम साहू, उपाध्यक्ष रामदयाल यादव, सचिव रुपेश साहू, कोशाध्यक्ष वासुदेव ध्रुव, अगेश साहू, कुलेश्वर साहू, खेलावन साहू, मोहन साहू, नीरज, वेदप्रकाश, हरीश, शेखर, टोमन युगल, कमलनारायण ध्रुव, होरीलाल, पंचू राम, भोला, रोशन, दीनदयाल झाड़ू राम, पूर्व अध्यक्ष चम्मन लाल साहू, पूर्व सचिव अनिल साहू आदि उपस्थित रहते हैं।



## काली मंदिर में 467 ज्योत प्रज्ज्वलित

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में 467 मनोकामना ज्योति कलश शुभ मुहुर्त में प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर पूजा में मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू सहित देवी मां के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे। मालूम हो कि मां काली मंदिर शहर के गंज रोड में मुख्य मार्ग पर है। इस मंदिर में पूरे शहरवासियो की भीड़ पूरे 9 दिनों तक बनी रहती है। खासतौर से शाम की आरती में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और युवतियां शामिल होती है। नवरात्र पर्व में मंदिर के आसपास तेज रोशनी की गई है। मंदिर को झालरों से सजाया गया है। दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लग रही है। शहर में चहल-पहल का वातावरण बना हुआ है। शहर का समूचा हिस्सा देवी मां के भक्तिमय जसगीत से गूंज रहा है। सड़को पर भीड़ देखी जा रही है। इस तरह से पूरे 9 दिन देवी मां की भक्ति में लोग लीन रहेंगे।

## बिजली शीतला मंदिर में 48 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित





**छुईहा बेलर।** ग्राम बिजली में शारदीय नवरात्रि पर्व की ग्रामवासियों द्वारा तैयारी बड़े जोर-शोर किया गया है। ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों में माता रानी की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। ग्राम के प्राचीन शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि में सैकड़ों भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना से जगमगाया है। इस वर्ष भी भक्तों के द्वारा मनोकामना 48 ज्योति कलश की स्थापना किया गया हैं । वही शंकर पारा एवं मौली मंदिर मंच में गुरूवार को दूर्गा माता की मुर्ति स्थापना किया गया। इसके लिए मां शीतला मंदिर, सार्वजनिक समिति के पदाधिकारियों ने जोर-शोर से तैयारियां किये हुए हैं। लपंडा बैगा रोशन निषाद, दूर्गेश निषाद, अध्यक्ष मनी ढिढी, सरपंच प्रतिनिधि पिलाचंद माण्लेय, सचिव संतोष यादव, पिताम्बर डेरहा अवध, रैखु चेतन, खेवन, मोती राम निषाद, नंदू यादव, दयाराम, दौलत, रूमन डोमन, गंजेन्द्र निषाद, राधे साहू, रामजी यादव, पवन साहू, मिलू, दीपक, मैय्या निसाद, राजू सिन्हा, शलेन्द्र, उदय, व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं।



## भेण्डरी के शीतला मंदिर में 238 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

भेण्डरी में नौ स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया। गांव के प्रसिद्ध मां शीतला मंदिर में 238 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। गांव भी लाइट के चकाचौंध से शहर जैसा नजर आ रहा है। खासतौर से शाम के बाद हर गली हर मुहल्ले में रौनकता भरा वातावरण है। माताएं,बहनें मां दुर्गा के दर्शन के लिए देर रात तक पंडालो में देखी जा रही है।

## शारदीय नवरात्रि पर्व पर माता घटारानी के दरबार में जले 345 आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्र पर्व माता माता घटारानी की इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और समीति प्रबंधन की देखरेख श्रद्धालुओ की सुचारू संचालन व्यवस्था की रूपरेखा बनी है। शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र भर से घटारानी के अलावा काली माता, शारदा माता, अन्नपूर्णा माता, लक्ष्मी माता को दर्शन करने पहुंचते हैं। गुरुवार को प्रथम दिन होने से श्रद्धालूओं का आना कम था। इसके बाद से घटारानी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ जाती है। इस साल मां घटारानी के मंदिर में 345 ज्योति जलाए गए हैं। इस मां के मंदिर में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड और बिहार , महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं ने भी ज्योति कलश प्रज्वलित करवाए हैं। इधर भक्तों की भीड़ बढ़ने पर पुलिस-प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। मंदिर समिति का अनुमान है कि पंचमी से अष्टमी और नवमी के दिन और भी बड़ी संख्या में लोग माता के दरबार में पहुंचेंगे, जिसे लेकर तैयारियां भी की गई हैं।






संरक्षक गजेश्वर सिन्हॆ, तारण ध्रुव ,रामलाल यादव. अध्यक्ष संतोष कुमार दीवान, उपाध्यक्ष हीराधर ध्रुव, सचिव राजकुमार यादव, सहसचिव हरिशचंद्र तारक, कोषाध्यक्ष दुर्गाराम यादव, संचालक दीनदयाल विश्वकर्मा, खेलावन राम पटेल, महामंत्री डीहूराम साहू, रामभरोसा ध्रुव, भगवानी राम ध्रुव, संतोष साहू, व्यवस्था जहुर राम दीवान, कुमार ध्रुव, रोहित दीवान. प्रमुख सलाहकार परमेश्वर दीवान,खेमु ध्रुव, हेमराज ध्रुव, रामसिंह ध्रुव, परस राम ध्रुव, जितेन्द्र यादव, खोमेश ध्रुव, जागेश ध्रुव, योगी राम ध्रुव, कोमल राम साहू, नेकराम ध्रुव का विशेष सहयोग है।

## माता के मंदिरों में जले आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में भक्ति का पर्व क्वांर नवरात्र प्रारंभ हो हो गई है। रसेला सहित ग्रामीण अंचलों में आस्था के जोत जल चुके हैं। रसेला के शीतला मंदिर में 3 अक्टूबर को अभिजीत मुहूर्त पर विधिवत पूजा अर्चना कर मंत्रोचार के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर स्थापना किया गया। इसी के साथ माता के लिए भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत का प्रज्ज्वलित किए। क्षेत्र में प्रथम दिन दिनभर माता की प्रतिमाओं को निर्माण स्थल से मंदिरों तक ले जाने का क्रम जारी रहा। माता को मंदिरों तक ले जाने के दौरान भक्तों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ जसगीत गाते हुए ले जाकर विराजित किया गया। नौ दिनों तक माता का यह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा,नौ दिनों तक विधि विधान से माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर सुबह शाम आरती पश्चात प्रसाद बांटेंगे। वहीं क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया जाएगा। सुबह से ही मंदिरों में माथा टेकने व ज्योति कलश दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं को पुजा अर्चना व ज्योति कलश दर्शन कर सुख, समृद्धि, शांति की कामना की गई। प्रत्येक दिवस अलग अलग प्रकार के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जायेगा। नौ दिन तक भक्ति भाव से जस गीत के साथ भजन कीर्तन किए जाएंगे। जहां -जहां मां दुर्गा को स्थापित किया गया है, वहां आकर्षक पंडालों से सजाया गया है। दूसरी ओर क्षेत्र में प्रतिमा स्थापित करने के लिए बुधवार को ट्रैक्टर व पिक आदि में मूर्तियां ले जाई गई। क्षेत्र भर में देर रात तक मां दुर्गा की स्थापना की गई। 3 अक्टूबर पहला दिन मां शैलपुत्री, दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरा दिन मां चंद्रघंटा, चौथा दिन मा कूष्मांडा, की पूजा, पांचवां दिन मा स्कंदमाता, छठा दिन मां कात्यायनी की पूजा, सातवां दिन मां कालरात्रि, आठवां दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा नौवा दिन मां महागौरी की पूजा और 12 अक्टूबर को विजयादशमी दुर्गा विसर्जन किया जाएगा। ग्राम कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कोठी गांव, कनसिधी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा, आदि जगहों पर मां दुर्गा की स्थापना की गई है।





## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत वन विभाग ने निकाली बाइक रैली

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के स्टॉफ के द्वारा मैनपुर से बेसराझर तक, वन परिक्षेत्र तौरेंगा स्टॉफ के द्वारा मैनपुर से गौरगांव तक और उत्तर उदंती, दक्षिण उदंती एवं इंदागांव धुरवागुड़ी (बफर) समस्त स्टॉफ मैनपुर से झरियाबाहरा, तौरेंगा, इंदागांव, उड़ीसा सीमा तालाकोट, नांगलबोड़, खान्दापोडा, बनवापारा, बुरजाबहाल, गोहरापदर, धुरवागुड़ी, कालीमाटी तक मोटरसायकल से जनजागरुकता रैली निकाली गई। 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक स्कूली बच्चो से वनो एवं वन्यप्राणियों से संबंधित चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। प्रतियोगिता मे भाग लेकर विजेता स्कूली बच्चो को 06 अक्टूबर को ईको सेंटर कोयबा मे पुरुस्कृत किया जाएगा। वनपरिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट अमरसिंह ठाकुर ने बताया वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत गांव–गांव पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ग्रामीणों को वनों की सुरक्षा वन्यप्राणियो के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया जा रहा है।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर




## आकाशवाणी रायपुर के 63वां स्थापना दिवस पर रेडियो श्रोताओं ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

आकाशवाणी रायपुर के 63वां स्थापना दिवस पर रेडियो श्रोताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को याद करते हुए अस्पृश्यता दिवस कुष्ठ निवारण और स्वच्छता दिवस मनाई।

जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहु ने बताया कि आकाशवाणी रायपुर की स्थापना 2 अक्टूबर 1963 को सिविल लाइन रायपुर से किया गया था। तब से लेकर आज तक आकाशवाणी रायपुर का प्रसारण निरंतर जारी है, रेडियो का इतिहास बहुत पुराना है आकाशवाणी रायपुर से सुचना शिक्षा मनोरंजन कविता कहानी वार्ता कृषि चर्चा विज्ञान मनोरंजन समाचार शिक्षा और खेलों का सीधा प्रसारण किया जाता है। आकाशवाणी रायपुर से कर्मा, ददरिया, पंथी, पंडवानी, जसगीत, फाग गीत, फिल्म, संगीत, हमर हाथी हमर गोठ, साहित्य पत्रिका आदि लोकप्रिय कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। आकाशवाणी रायपुर नये पुराने कलाकरों को मंच प्रदान करता है। आकाशवाणी रायपुर के स्थापना दिवस पर जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहू, मोहन लाल देवांगन, रायपुर गौकरण मानिकपुरी, हरिश्चंद्र ताराक, बाबुलाल साहू, रेखराम ध्रुव, प्रदीप कुमार यदु, दीलीप कुमार ध्रुव, गोपाल साहू, मिल्लु गिरी गोस्वामी, रमेश ध्रुव, गोवर्धन यादव, रामचंद्र साहू, राजकुमार यादव, टीकम साहू, महेन्द्र गंधर्व, जानु साहू, योगेश साहू, विजय गोस्वामी, योगेन्द्र यादव, टोपेश्वर साहू, रामअवतार यादव आदि श्रोताओं ने आकाशवाणी रायपुर के उद्घोषक कंपीयर को शुभकानाएं प्रेषित की।

